**खबर संक्षेप**

### 24 घंटे के भीतर मूल स्थापना में वापसी के आदेश हुए जारी, सीएम ने सम्भागीय समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गुरुवार को जबलपुर में कानून व्यवस्था और विकास कार्यो की समीक्षा बैठक ली गई थी। इस बैठक में जनप्रतिनिधि द्वारा संज्ञान में विषय लाया गया था कि इंदौर-भोपाल में कमिश्नर प्रणाली लागू होने के पश्चात से आरक्षकों को बुलाया गया था। लेकिन गुरुवार तक जिलों में मूल पदस्थापना स्थल पर वापस नही भेजा गया था। इस मामलें में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिलों में वापसी के निर्देश दिए थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भोपाल द्वारा मूल इकाई में वापसी के आदेश शुक्रवार को जारी कर दिए गए है।

### गुरुवार को इन गावों में पहुंची यात्रा

**बालाघाट।** यात्रा गुरुवार को बैहर जनपद के ग्राम खोलवा व जत्ता, परसवाड़ा के ग्राम चीनी व भीडी, लांजी के ग्राम सिरेगांव व कुम्हारीकला, कटंगी के ग्राम देवठाना व कामठी, बालाघाट के ग्राम जरेरा व कुम्हारी, वारासिवनी के ग्राम उमरवाडा व सिंगोडी, किरनापुर के ग्राम साल्हे व रमगढी, खैरलांजी के ग्राम चिचोली व तुइयापार, बिरसा के ग्राम सुंदरवाही व माटे और लालबर्रा जनपद के ग्राम पांढरवानी व औल्याकन्हार पहुंची। यात्रा आज बैहर जनपद के ग्राम परसाटोला व कटंगी (भु), परसवाड़ा के ग्राम फत्तेपुर (मा) व अमवाही, लांजी के ग्राम दिघोरी व कुम्हारीखुर्द, कटंगी के ग्राम खैरलांजी व पाथरवाड़ा, बालाघाट के ग्राम जागपुर व पाथरवाड़ा, वारासिवनी के ग्राम रामपायली व मोहगांवखुर्द, किरनापुर के ग्राम बेनेगांव व सिवनीखुर्द, खैरलांजी के ग्राम शंकरपिपरियॉ व मोवाद, बिरसा के ग्राम दमोह व देवगांव द और लालबर्रा जनपद के ग्राम साल्हे ला. व टेकाड़ी ला.में भ्रमण करेगी।

### एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेशन का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**बालाघाट।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सिनेसन का प्रशिक्षण होटल वैद्य रेसीडेंसी मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में डॉ प्रियवृत सोनकर जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2025 तक टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी के अन्तर्गत जिले में टीबी मुक्त पंचायत अभियान चलाया जा रहा है और लक्ष्य के अनुरूप जिले में बीसीजी के टीके लगाया जाना है।बीसीजी का टीका पिछले 5 वर्षो के टीबी मरीजो को, पिछले 3 वर्षो के टीबी मरीजो के कॉन्टेक्ट मे आये सभी व्यक्तियों को, 60 वर्ष से अधिक सभी व्यक्तियों को, डायबिटिक पेसेंट सेल्फ रिपोर्टेट परसन एवं 18 से कम बीएमआई व्यक्तियों को लगाया जाना है।

# 70 लाख की योजना थमा दी गई सरपंच सचिव को



**मंडला -.** लगभग 70 लाख की लागत से जलजीवन मिशन के तहत कराया गया कार्य पीएचई मंत्री सम्पयतिया उइके की विधानसभा के ग्राम औघटखपरी में ढप्पय नजर आ रहा है इसका खुलासा यहां के लोगों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान करते हुए बताया गया कि एक साल से कार्य पूर्ण कर सरपंच दीपिका रावत एवं सचिव सुरेन्द्रत पटेल के सुपुर्द कर दिया गया है। किन्तु आज तक ग्रामीणों को इस योजना से एक बूॅद पानी नहीं मिला। यहॉ पर जन सहयोग से कराए गये बोर से पुरानी पाईप लाईन में पानी सप्लाघई हो रहा है। पीएचई विभाग द्वारा यहॉ पर बनायी गई डिब्बा जैसी भूतल टंकी देखने योग्य है। यात्रा के दौरान आयोजित सभा के अतिथि पूर्व विधायक शिवराज शाह द्वारा इस पूरे मामले पर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र नलजल योजना चालू करने को कहा गया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि यात्रा सफल हो रही है लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं जो समस्याएं सामने आ रही हैं उनका निराकरण भी किया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि यहॉ के खेल मैदान में अनेकों बार विभिन्ना योजनाओं से राशि खर्च कर कार्य कराया गया है किन्तुं आज तक उक्त खेल मैदान भू.अभिलेख में दर्ज नहीं हो सका है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं प्रश्नोत्तोरी खेल खेला गया और कृषि विभाग द्वारा खेतों में कीटनाशक दवा के छिड़काव के लिए ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया। पॉच लाख की कीमत का उक्त ड्रोन किसानों को सत्तर प्रतिशत अनुदान में मिलेगा। उक्त समारोह पर जनपद पंचायत मंडला के सीईओ रामेश मंडावी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीए कर्मचारी मौजूद थे। समारोह पर क्षेत्रीय समाजसेवी बसन्त ठाकुर द्वारा भी योजनाओं का बखान किया गया। मंच संचालन महेश ठाकुर द्वारा किया गया।



## माटे पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा : विधायक लांजी ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी ,हितग्राहियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर में 12ग्राम पंचायत में केन्द्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा दहेदी , साल्हे, रमगढी,केशा, सुसवा, माटे , बक्कर, नेवारा, दत्ता, अकोला पहुंची। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे ने शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक सुविकसित और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश का सर्वागीण विकास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता है। कायाकल्प योजना के तहत बाजार चौक माटे में विधायक ने सी सी रोड का भूमि पूजन किया।



मुख्यमंत्रीनगर के प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए 19 करोड़ रुपए की लागत से नल जल योजना का कार्य प्रगति पर है।विधायक ने कहा कि बाजार चौक में हाईमास्क लगाने कहा ।

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह और वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन भाऊ रंहांगडाले और रामकुमार राणा, नन्हे बहेकार,शिव तारन, सरपंच श्रीमती सुनीता पांचे, प्रतिनिधि देवराम पांचे, सचिव झनकार सिंह रहांगडाले ने ने भी जनता को संबोधित किया। समारोह में नागरिकों को भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैलेंडर और डायरी का विमोचन किया और हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### कायदी में आल इंडिया व्हालीवाल प्रतियोगिता प्रारंभ

**बालाघाट।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वारासिवनी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम आदर्श ग्राम पंचायत कायदी में संजय व्हालीवाल क्लब कायदी के तत्वावधान में आल इंडिया व्हालीवाल टुर्नामेंट महिला एवं पुरूष दोनो वर्ग में आयोजित किया गया है। इस संबंध में संजय व्हालीवाल क्लब के अध्यक्ष जितेन्द्र नगरगढ़े ने बताया कि ग्राम पंचायत कायदी में लगातार 8 वर्षो से आल इंडिया व्हालीवाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 4 तारिख से 7 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया है। जिसमें महिला व पुरूष वर्ग दोनो के लिये टुर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कायदी के मैदान में 4 जनवरी से 7 जनवरी तक मैच सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक खेला जावेगा।

## महिला के साथ हुई 20 हजार रुपए की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 03 में रहने वाली महिला के साथ साइबर ठगों ने 20 हजार रुपए की रकम की ठगी की है. यह पूरी घटना गुरूवार को हुई जिसके बाद पीड़ति महिला ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई है. महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले को साइबर सेल को भेज दिया है. प्राप्त जानकारी अनुसार पूजा वासनिक नाम की महिला के साथ फोन पर उनका जीजा बनकर बातचीत करने वाले ठग ने खाते से 20 हजार रुपए की रकम उठा दी. पीड़ति ने बताया कि साइबर ठग ने सबसे पहले उनके खाते में एक रुपए की राशि जमा की और जब उन्होंने राशि आने के मैसेज की पुष्टि की तो ठग



ने लिंक भेजकर उस पर क्लिक करने के लिए कहा और जैसे ही क्लिक की पीड़ति के खाते की 20 हजार रुपए की राशि अलग-अलग खातों में चले गई. गौरतलब हो कि रिश्तेदार बनकर बातचीत करते हुए ठगी का यह कोई पहला मामला नहीं बल्कि इससे पहले भी साइबर ठगों के द्वारा इसी तरह से लोगों के ठगा गया है इस तरह की ठगी से केवल जागरूकता से ही बचा जा सकता है।

### पौनियां में निशुल्क आरोग्य शिविर आज

**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के ग्राम पौनियां में संचालित पौनियां मैंगनीज माइंस ऑफ मेसर्स सुखदेव प्रसाद गोयनका की ओर से आज मायॅल परिसर में तिरोड़ी और कटंगी तहसील के तमाम ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्रदान कराने के लिए निशुल्क आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया है. गोंदिया के मशहूर अस्पताल के सहयोग से शिविर का आयोजन हो रहा है. शिविर में हृदय रोग परामर्श, बी.पी., शुगर, स्त्री रोग, नेत्र जांच और ईसीजी जैसी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी. शिविर में डॉ राजकुमार चक्रवर्ती, डॉ सुबाष काशी सहित अन्य चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे. नागेन्द्र पाठक और शैलेन्द्र पटले ने तमाम ग्रामीणों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण,अनियमितताएं पाए जाने पर की कार्यवाही

**बालाघाट।** गत शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डेय ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पायी गई अनियमितताओं और अनुपस्थिति पर उन्होंने नोटिस जारी किए है। सीएमएचओ कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि डॉ. वरूण परते खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसवाड़ा एवं श्री विक्रम सिंह ठाकुर जिला कार्यकम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा हेल्थ एण्ड बेलनेस सेंटर मोहनपुर विकासखण्ड परसवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण करने पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मोहनपुर में पदस्थ कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर बिजली नाग अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाई गई।

## भीम आर्मी ने मनाई माता सावित्री बाई फुले की जयंती



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

3 जनवरी को माता सावित्री बाई फुले की जन्मजयंती हर्षोंउल्लास पूर्वक मनाई गई। जन्मजयंती पर आतिश बाजी कर आमजनों को माता सावित्री बाई फुले जी की जीवनी पर आधारित पुस्तके भी वितरण की गई। उक्त कार्यक्रम में भीम आर्मी नगर अध्यक्ष एडवोकेट संतोष गेडाम,भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन पीजी कॉलेज अध्यक्ष प्रियंका नागवंशी, उपाध्यक्ष साहिल मेश्राम, सचिव खुशी गेडाम, संस्कृति प्रकोष्ठ प्रमुख सिद्धार्थी बोरकर, प्रवक्ता अंजली फुलमारी , नेहा, कामना, साक्षी,जय शूर्यवंश, बंटी , अभिनव, रितिक , शिवम, रोहन सभी बढ़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : भाजयुमो ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वीरांगना रानी दुर्गावती एवं वीरांगना रानी अवंती बाई जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा जिनके शौर्य और पराक्रम की गाथा आने वाली युवा पीढ़ी उनके जीवन को जान पाएगी, उसके लिए आज माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुऐ भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल जी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर जी, पूर्व भाजयुमो जिला अध्यक्ष गजेंद्र भारद्वाज,नगर महामंत्री मनोज हरिनखेड़े, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र कटरे, अखिलेश चौरे, जितेन्द्र मोहरे, यशवंत लिल्हारे, अक्षय कटरे, गणेश अग्रवाल, हिरा सिंह भाटिया, संजू वराडे, दीपक लिल्हारे, सोनू कसार, सिद्धार्थ वाजपेई,रंजीत गोयल, विशाल मेश्राम, संतोष सिंगारे, वरुण दुबे, जय गिरी,सहित हम सभी भारतीय जनता पार्टी, व युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता मिलकर रानी दुर्गावती चौक, और अवंती बाई चौक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्म्मंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया ।

## बालाघाट ने बड़वानी को 3-0 से किया पराजित

**बालाघाट।** जिले में 10 दिसंबर से खेली जा रही मध्यप्रदेश फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में 04 जनवरी पुलिस ब्वायज बालाघाट बनाम बड़वानी एफसी बड़वानी के बीच मैच खेला गया। प्रतियोगिता में मैच का शुभारंभ अतिथि नपा राजस्व प्रभारी भुवनलाल लिल्हारे, अधि. संदीप नेमा, पेट्रोल पंप संचालक द्रोण डोंगरे, महावीर शर्मा, मुकेश खैरवार, सुभाष गुप्ता, गणेश अग्रवाल, आकाश वैश्य एवं राजनीश वर्मा, जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव, दिलीप राजपूत सहित खिलाड़ी और खेलप्रेमियों की मौजूदगी में किया गया। दोपहर 02 बजे से मुलना मैदान में पुलिस ब्वायज बालाघाट बनाम एफसी बड़वानी खेले गए मैच में पुलिस ब्वायज बालाघाट ने शुरूआत से ही बढ़त कायम रखी और खेल समाप्ति तक बालघाट ने तीन गोल कर दिए, जिसके जवाब में एफसी बड़वानी कोई गोल नहीं कर सकी। इस तरह पुलिस ब्वायज बालाघाट ने एफसी बड़वानी को 3-0 से पराजित कर एकतरफा जीत दर्ज करके पाईंट टेबल में तीन अंक हासिल किए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ रिंकु मेश्राम को दिया गया। 05 जनवरी डायमंड रॉक फुटबॉल एकेडमी बालाघाट बनाम बुराहनपुर एफसी बुराहनपुर के बीच खेला जाएगा। जिला फुटबॉल संघ सचिव सुनील यादव ने बताया कि लीग मैच में सभी शामिल टीमों को एकदूसरे से 10-10 मैच खेलने है। जिसमें पाईंट टेबल के आधार पर सुपर-04 का फैसला किया जाएगा। गौरतलब हो कि जिले में मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ और जिला फुटबॉल संघ के सहयोग से मध्यप्रदेश फुटबॉल प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है।

## ग्राम समृद्धि उद्धवहन योजना व जिला स्तरीय समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** मंगलवार को म.प्र.रा.ग्रा.आजीविका मिशन अंतर्गत कलेक्टर सभागृह में कलेक्टर डॉ. गिरिश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ग्राम समृद्धि उद्धवहन योजना जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीएस रणदा की उपस्थिति एवं समस्त लाईन डिपार्टमेंट के अधिकारी की उपस्थिति रही एवं जिला स्तरीय बैठक में ग्राम समृद्धि उव्दवहन योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला पंचायत से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार स्व-सहायता समूहो द्वारा तैयार की गई सामुदायिक मांग आधारित योजना है। इसमें समूहो के परिवारो और समूहों के बाहर अन्य



कमजोर वर्ग की मांगों को शामिल किया जाता है। यह समूदाय की विभिन्न वर्गो की मांगों का प्रतिनिधित्व करेगा। यह निष्पाक्ष पारदर्शी एवं सहभागी योजना है। इस योजना के अंतर्गत अन्य विभागीय योजनाओं का अभिसरण है। आजीविका मिशन अंतर्गत इस योजना को सफल बनाने में प्र.जिला परियोजना प्रबंधक श्री मुकेश बिसेन, जिला प्रबंधक एम एण्ड ई श्री विरेन्द्र तिडकें, जिला प्रबंधक कृषि श्रीमति रश्मि मेश्राम, युवा सलाहकार आईबीसीबी. सुश्री मोनिका गुप्ता और युवा सलाहकार एसआईएसडी सुश्री सोनी प्रिया के सहयोग से संचालन किया जायेगा।

### आयुष विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट।** संचालनालय आयुष विभाग मप्र शासन के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुष विभाग बालाघाट द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में आशा कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के परिक्षेत्र की स्थानीय आशा कार्यकर्ताओं को आयुष के प्रति संवेदनशील बनाने, आयुष विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार व उसके उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आशा कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाना है।

## अप्रिय स्थिति से बचने बकायादार नागरिक टैक्स समय पर जमा कर देवे : दिशा डहेरिया

# किराये पर दुकान संचालन करने वालों पर होगी कार्यवाही

### पत्रकार वार्ता में सीएमओ ने दिए कई सवालों के जवाब

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी की डॉवाडोल आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए नगरपालिका सीएमओ दिशा डहेरिया द्वारा नागरिकों पर बकाया राशि को वसूल करने के लिए सख्ती से वसूली अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके चलते अधिक राशि बकायादारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और व्यवसायिक दुकानों में ताला बंदी भी की जा रही हैं। जिसके कारण अब नागरिकों ने करों की राशि अदा करना प्रारंभ कर दिया हैं। नागरिकों से करों की बकाया राशि वसूल करने के लिए की जा रही कार्यवाही से अवगत कराने के लिए गुरुवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिशा डहेरिया द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन नगरपालिका कार्यालय में किया गया। जिसमें पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएमओ सुश्री डहेरिया ने बताया कि वर्तमान में नगरपालिका ने 144 करदाताओं की सूची बनाई है, जिन्हें नोटिस जारी कर समय दिया गया। इन बकायादारों से लगभग 27 लाख रुपये की राशि वसूल करनी हैं। इन सभी करदाताओं को अंतिम अवसर दिया गया हैं। यदि उनके द्वारा करों का भुगतान नहीं किया जाता हैं, तो फिर पहले नल विच्छेदन की प्रक्रिया की जायेगी, उसके बाद कुर्की और फिर नगरपालिका द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को बंद कर दिया



जायेगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों चलाए गए वसूली अभियान के दौरान लगभग 13-14 लाख रुपये की वसूली की गई हैं।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए सीएमओ दिशा डहेरिया ने कहा कि दुकान की निर्धारित सीमा से बाहर निकाले गए टीन शेडों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया हैं। जिन्हें पहले 15 दिन, फिर 7 दिन व अंतिम में 3 दिन का समय दिया जायेगा। उसके बाद भी यदि स्वेच्छा से टीन शेड नहीं हटाए गए, तो नगरपालिका द्वारा उसे हटा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नगर की मुख्य सडक़ पीडब्ल्यूडी की सडक़ थी, जिसे निकाय को हस्तांतरण किया गया हैं। इसीलिए पीडब्ल्यूडी विभाग के मापदंडों के अनुसार ही कार्यवाही की जावेगी। नगर में पुरानी दुकानों को तोड़ कर बन रही नई दुकानों के दुकानदारों द्वारा पुराने टैक्स की राशि ही अदा की जा रही हैं, उनके लिए क्या किया जा रहा है? जिस पर सीएमओ ने कहा कि ऐसे मामलों की जॉच कर नये कर का निर्धारण किया जायेगा। आवासीय मकानों में व्यवसायिक गतिविधियॉ चलाने के बारे में पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा कि जिन नागरिकों द्वारा आवासीय परिसर में व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा हैं, उनसे आवासीय के साथ-साथ जितने क्षेत्र में व्यवसायिक गतिविधियॉ संचालित की जा रही हैं, उसका व्यवसायिक कर निर्धारण कर लिया जा रहा हैं। इस मामले में 35-40 नागरिकों पर कार्यवाही की गई हैं। जिन नागरिकों द्वारा नगरपालिका की दुकानों को लेकर गोदाम के रुप में उपयोग किया जा रहा हैं, उन पर कार्यवाही के संबंध में उन्होंने कहा कि उनसे भी वसूली की जा रही हैं, जिसमें से 25-30 प्रतिशत लोगों ने टैक्स अदा कर दिया गया हैं।

## 9 पंच, 11 सरपंच और 5 जनपद सदस्य के लिये उम्मीदवार निर्वाचन क्षेत्र में

# 1 जनपद सदस्य, 3 सरपंच और 40 पंच पद के लिये मतदान आज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन के अंतर्गत जिले में पंच सरपंच और जनपद सदस्य पद के लिये उपनिर्वाचन आज शुक्रवार को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। इसके तुरंत बाद मतगणना प्रारंभ होगी। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जनपद पंचायत सदस्य, 3 सरपंच और 03 पंच पद के लिये निर्वाचन होना है। जानकारी अनुसार 40 वार्डों में पंच पद के निर्वाचन प्रस्तावित थे। पंच पदों के लिये कुल 17 वार्ड से निर्विरोध पंच चुने गये और 20 वार्डों में कोई नामांकन प्राप्त नही हुआ। अब पंच पद के लिये ग्राम पंचायत हट्टा के वार्ड क्र.7 में 04, किरनापुर जनपद के खारा पंचायत के वार्ड 18 में 03 व मुर्री पंचायत के वार्ड क्र.3 में 2 नामांकन पत्र भरे गये। इसी तरह जनपद पंचायत सदस्य के क्षेत्र क्रमांक 20 में कुल 5 नामांकन पत्र प्राप्त किये गए। वहीं बालाघाट व खैरलांजी में 4-4 और बैहर में 3 नाम निर्देशन पत्र जमा हुये है। इस तरह उप निर्वाचन के अंतर्गत आज बालाघाट के धापेवाड़ा में 3, बैहर के मोहरई में 2 और खैरलांजी के चिखला ग्राम पंचायत में 3 मतदान केंद्रो पर, जनपद पंचायत सदस्य के लिये कटंगी के वार्ड क्र.20 के 10 मतदान केंद्रो पर मतदान होगा।

### पंच के लिये 1072, सरपंच के लिये 4944 और जनपद सदस्य के लिये 5059 मतदाता करेंगे मतदान

उप निर्वाचन अंतर्गत जनपद सदस्य के 20 वार्डों के 5059 मतदाताओं द्वारा ईवीएम के माध्यम से मतदान किया जायेगा। वार्डों में कटंगी जनपद के जमुनियॉ के वार्ड क्र.1 से 10, बनेरा के 1 से 18, कटेरा के 1 से 20 मतदान केंद्रो पर मतदान होगा। इसी तरह बैहर जनपद के मोहरई ग्राम पंचायत के सरपंच पद के लिये 1106 मतदाता, खैरलांजी जनपद के चिखला पंचायत में 2228 मतदाता व बालाघाट जनपद के धापेवाड़ा ग्राम पंचायत में 1610 मतदाता तथा पंच पद के लिये हट्टा के वार्ड 7 खारा के 18 व मुर्री के वार्ड क्र.3 के लिये कुल 1072 मतदाता मतदान करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## सावित्री बोहरे का निधन



हरिभूमि न्यूज/बारहाबडा। स्थानीय निवासी व सेवा निवृत एस आई लक्ष्मी नारायण बोहरे की पत्नी व दीन दयाल तथा जगदीश बोहरे की माताश्री सावित्री बाई बोहरे का बीते दिवस निधन हो गया। वह लगभग 85 वर्ष की थी। स्व सावित्री बोहरे की शव यात्रा में सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर उन्हें अपने श्रद्वासूमन अर्पित किये।

## स्टेशन मार्ग के अनेक खम्बो में लाईट नही लगने से पसरा अंधेरा

गाडरवारा। इस समय जिस प्रकार से नगर पालिका परिषद की व्यवस्थाएं देखी जा रही है उससे अनुमान लग रहा है कि अब प्रशासन के अधीन नपा की व्यवस्था होने के कारण आमजन के लिये इस प्रकार की परेशानियों से जूझने के लिये मजबूर ही होना पड़ेगा? क्योंकि नगर में जहां अनेक जगहों पर गंदगी के अम्बार लगे हुये दिखाई देना आम बात हो चुकी है। वही जिन स्थानों पर कुछ माह पूर्व दिन में दो बार झाड़ू लगते हुये दिखाई देती थी वह अब साप्ताहिक रूप में दिखाई देने लगी है, कुछ इसी प्रकार का हाल रात्री के समय नगर की सड़को पर जलने वाले लाईनों का देखने मिल रहा है, जहां पर अनेक खम्बो में लगे हुये लाईट बीते हुये काफी समय से बंद पड़े हुये है तो प्रमुख मार्गो के अनेक खम्बे लाईट बिहीन ही दिखाई दे रहे है। इस बात की सच्चाई इस समय नगर के स्टेशन मार्ग पर अनेक जगहों पर आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर बताया जाता है कि माडल रोड के चलते बिजली खम्बों को हटाते हुये दूसरे जगह की गई सिप्टिंग के चलते अनेक खम्बों पर लाईट ही नही लगाये गये है जिससे इस मार्ग पर अंधेरा पसरा हुआ देखा जा रहा है।

## शनि प्रतिमा बनी आस्था का केंद्र

गाडरवारा। आदिवासी वनांचल गोटीटोरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टूइयापानी मल्फी सीतारेवा तट के पास श्री शुद्धाश्रम सिद्धपीठ शनिधाम में स्थापित भगवान शनिदेव की प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिये आस्था का केंद्र बनी हुई है। बताया जाता है कि यहां हर शनिवार बड़ी संख्या में शनि भक्त दूर दूर से दर्शन एवं पूजन के लिए पहुंच रहे है। जिसके चलते प्रति शनिवार को जहां यहां पर मेले का रूप दिखाई देने लगा है तो अनेक लोगों द्वारा यहां पर भंडारों का आयोजन भी किया जाने लगा है। इस तरह से भक्तों की बडी संख्या में आवाजाही के मद्देनजर यहां सीतारेवा नदी के पास प्रसाद, नाश्ते की दुकाने भी सज गई है। बताया जाता है कि यह स्थल पूर्व से ही प्रसिद्व छोटा जबलपुर के समीप होने के कारण लोगों की भीड़ में इजाफा होते हुये दिखाई देने लगा है।

## बच्चे बोझ उठाने को मजबूर

बारहाबड़ा। तहसील की जंगली आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की आदिवासी समुदाय की स्थिति दिन व दिन बदतर होती जा रही है, सभी नियम कानून कागजो में सिमटते नजर आ रहे है? इस बात की सच्चाई उजागर कर रहे है वे नाबालिग जो प्रतिदिन गाडरवारा, सालीचौका, सांईखेड़ा, चीचली में लकड़ी का गठ्ठा लेकर बेचने आते है, शहर के आसपास के गांव से ये नाबालिग अपने परिवार वालो के साथ प्रतिदिन अपने वजन से अधिक वजन का गठ्ठा लेकर अपनी मजबूरी का बयां कर रहे है? इसे इनकी मजबूरी ही कहा जाएगा क्योंकि दो वक्त की रोटी इन बच्चों को सड़क में लकड़ी का गठ्ठा लेकर खड़ा होने के लिए मजबूर कर देती है, फटे कपड़े पहने हुए इन बच्चो की हालत को देखने पर ही प्रशासन की योजनाओं में हो रहे गोलमाल का अंदाज लगाया जा सकता है।

**स्वच्छता के नाम पर खरीदी गई सामग्री ही कचरे में हो गई तब्दील**

सांईखेड़ा। भले ही स्वच्छता अभियान को लेकर नगर परिषद द्वारा अपनी कागजी कार्यवाही में पूर्णरूप से सफल होने का अमलीजामा पहनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही हो, मगर यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय संपूर्ण नगर में जहां तहां फैल रहे कचरे को देखकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये जा रही स्वच्छता अभियान को ग्रहण लगने से नही चूक रहा है? यह बात अलग है कि आये दिन नेताओं द्वारा अपने हाथों में झाड़ू लेकर गलियों में जो सफाई करने का संदेश दिया जाता है वह मात्र अखबारों तक ही सीमित होकर रह जाता है।

अनेक टावरों से लाल सिंग्नल तक है गायब, सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार के प्रबंध नही होने के कारण आये दिन लोग टावरों पर चढ़कर मचाते है आंतक

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों को दरकिनार करते हुये स्थापित किये जा रहे मोबाईल टॉवर

## रहवासी क्षेत्रों में स्थापित होने से मानव जीवन को बड़ रहा खतरे का अनदेशा......?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर इस समय लोगों में अनेक प्रकार की नई नई बीमारी आये दिन जकड़ते हुए चली जा रही है, उसका प्रमुख कारण यह माना जाता है कि लगातार बढ़ रही भौतिक बादी सुविधाओं की प्रमुख देन है, क्योंकि जहां लोगों द्वारा खान पान का ध्यान नही रखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के लिए सुविधा जनक माने जाने वाले साधनों से पैदा होने वाली तरंगे भी बीमारियों का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस प्रकार से शहरों के रहवासी क्षेत्रों में जो मोबाईल टाबरों की स्थापना हुई है या फिर हो रही है जो कही न कही अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ावा देने में प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूक पा रही है? विशेषज्ञो के अनुसार सेल फोन टॉवरों से भी मानव शरीर को विशेष दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए शायद पूर्व में मा. न्यायलय द्वारा इन्हे स्थापित करने के लिए निर्धारित माप दंडों का पालन करने का आदेश दिया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुए दिखाई दे रहा हो? क्योंकि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये अनेक टावरों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां इन टाबरों में रात के समय लाल सिंग्नल ही नजर नही आ रहे है तो वही दूसरी संबंधित द्वारा न इन टावरों को रख रखाब किया जा रहा है और नही ही इनकी पुताई की जाती है जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा इन टाबरों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण लोग इन पर चढ़कर आंतक मचाते हुये भी देखे जाने



लगे है? जबकि नियम के अनुसार टाबरों की ऊँचाई स्पष्ट करने के लिये सफेद व लाल रंग में पोता जाता है? जानकारी के अनुसार इन सेल टाबरों से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर नगरीय क्षेत्रों में सेल फोन टॉवर स्थापित करने के लिये म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने कम से कम ऐसे भूखंडों का चयन करने को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई है, जिनका आकार ढाई सौ फूट हो, इन भूखंडों पर सेल फोन टॉवर के लिये स्थापित की जाने वाली मशीनों और जनरेटर से 100 फूट की त्रिज्या में कोई भी रिहायशी आवास न हो और टॉवर स्थापित करने के लिए जनरेटर की चिमनी की ऊंचाई न्यूनतम 30 फूट अथवा पास की ऊंचे आवासीय भवन से 20 फूट अधिक होना चाहिए? वही बताया जाता है कि पूर्व में ही इस संबंध में आयोग ने सिफारिश की गई थी कि ढाई हजार वर्ग फूट तक के आवासीय भूखंडों पर स्थापित टॉवर तत्काल हटाये जाने चाहिये तथा रिहायशी कॉलोनियों में मकानों की छात पर स्थपित टॉवरों से लोगों की जान और माल की क्षति का खतरा बना रहता है, इसलिए टॉवरों की ऊंचाई इतनी हो कि उनके गिरने से कोई जनहानि न हो साथ ही साथ टॉवर स्थापित किये जाने वाले स्थान को वायर फैसिंग और चार दीवारी बनाकर सुरक्षित रखा जाना चाहिये तथा विद्युत या डीजल जनरेटर से संचालित होने वाले टॉवरों में ध्वनि प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्याान रखा जाना चाहिये? जानकारी के अनुसार आयोग की पहल पर शासन ने सेल फोन टॉवर से निकलने वाली विद्युत चुंबकीय विकिरणों के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के लिये विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें माताओ, गर्भस्था में शिशुओं ओर बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कंपनियों द्वारा अपनी मनमर्जी के अनुसार टाबर खड़े कर दिये गये है जहां पर लोग निवास करने के शिक्षण संस्थाओं के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र भी मौजूद है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार से देखा जाता हे कि जहां पर सेल फोन टाबर लगे है उन्ही भवनों में स्कूल संचालित हो रहे है साथ ही साथ नगर में अनेक रहवासी इलाकों में टाबर खडे करने से आमजनों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे है? इस प्रकार से निर्धारित मापदंडो को दर किनार करते हुए शहर से लेकर गांवों में स्थापित किये गये टाबर अपनी सच्चाई खुद ही उजागर करने से नही चूक रहे है? जिनका जहां दिन के समय कलर ही दिखाई न देता है और रात के समय लाल सिंग्नल तक गायब रहता है, वही दूसरी ओर टाबरों के पास किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद न रहने के कारण आये दिन लोग इन टाबरों पर चढ़कर हंगामा खड़ा करने से भी नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने की संभावना के साथ साथ बगैर सिंग्नल वाले टाबरों से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? जहां तहां स्थापित हो रहे टाबरों को लेकर लोगों का कहना है कि निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जरा से धन का प्रलोभन देते हुए उनके भवनों पर टाबर खडा करने के लिए तैयार तो कर लेते है, मगर वह मकान मालिक जरा से धन के लालच में आकर अपने भविष्य को दाब पर लगाने से भी नही चूक रहे है।

## रेल पुलिस की जीआरपी स्थापना दिवस को लेकर अनूठी पहल, वृद्व रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान समस्या से निपटने किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। निश्चित तौर से लोगों के दिलों में पुलिस की प्रति जो सोच रहती है कि पुलिस द्वारा बगैर पैसों के कोई काम नही करती है? मगर इस बात को झूठा साबित उस समय होते हुये देखा जाता है जब पुलिस द्वारा अपनी परवाह न करते हुये दूसरो की मदद के लिये सबसे आगे खड़े रहते हुये देखा जाता है। इस बात की मिशाल बीते हुये दिनों जिला मुख्यालय से कुछ दूर घटित हुई एक घटना के दौरान जिले के पुलिस कप्तान को देखा गया जब उन्होंने अपनी खुद की गाडी से घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया गया तो दूसरी मिशाल नगर के रेल पुलिस थाने में देखने मिल रही है जहां पर थाना प्रभारी इस समय पड रही तेज ठंड के बीच नगर के रेल्वे स्टेशन का भ्रमण करते हुये जहां संदिग्धों पर पैनी नजर रखने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर वृद्व रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान होने वाली परेशानियों से जागरूक करने में भी पीछे ही है। बताया जाता है कि नगर के रेल पुलिस थाने में पदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक व्ही पी मिश्रा द्वारा जीआरपी का स्थापना दिवस के चलते साप्ताहिक कार्य योजना बनाते हुये कार्य किया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस रात के समय उन्होंने नगर के रेल्वे स्टेशन का भ्रमण करते हुये वृद्व यानि की सीनियर सिटीजन व दिव्यांगजनों को रेल यात्रा के दौरान किसी भी परेशानी से रेल पुलिस की मदद लेने के लिये जागरूक किया गया।

## आखिरकार बर्बादी की भेंट चढ़ रही शासकीय संपत्ति की सुरक्षा को क्यों किया जा रहा है नजरअंदाज...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां ओर सरकार द्वारा आम लोगों की सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुये शासकीय धन राशि को खर्च करते हुये व्यवस्थाएं तो बनाई जाती है, मगर संबंधित विभाग द्वारा उस शासकीय संपत्ति को नजर अंदाज किये जाने के कारण यह सरकारी संपत्ति या तो क्षतिग्रस्त हो जाती है या फिर चोरों की नजर पड़ने के कारण गायब होने से नही बच पाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र की मुख्य सड़कों के किनारे जिस प्रकार से सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये एल्युमिनियम की रैलिंग लगाई गई थी जिससे वाहन चालकों को सुरक्षा के साथ साथ सड़को को सुन्दरता प्रदान करने से नही चूक रही है, मगर संबंधित विभाग द्वारा बरती जा रही उदासीनता का परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुये बनाई गई इस रैलिंग को जहां रातो रात गायब करने में चोरों द्वारा कोई कसर नही छोड़ी जा रही है, वही दूसरी ओर इस संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ पुलिस व संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने के कारण लगातार क्षति पहुंचाई जा रही है जिसका परिणाम इस प्रकार से देखा जाने लगा है कि वाहन चालक सड़को पर पूर्णरूप से असुरक्षा महसूस करने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के वायपास मार्ग पर देखने मिल रही है,



बताया जाता है कि यह मार्ग राष्ट्रीय स्तर का होने के कारण जहां दिन भर इस मार्ग पर हजारों की संख्या में छोटे बडे वाहनों का निकलना होता है, जिसके चलते नगर के शक्कर नदी पुल से शासकीय महाविद्यालय की ओर जाने वाले क्षेत्र में सड़क किनारे नीचले भाग में बने हुये आवासों में निवास करने वाले लोगों को सदा ही इस बात का भय सताते रहता था कि रैलिंग विहीन इस मार्ग पर किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। क्योंकि यहां पर रहने वाले लोगों को बीते हुये कुछ वर्ष पहले आधी रात को जब एक ट्रक अनियंत्रित होते हुये एक मकान पर जा गिरा था तो उस मकान में सो रहे एक ही परिवार की चार सदस्यों की सड़क से कूंदकर गिरे हुये ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई थी उस मंजर का याद करते हुये ही लोगों का दिल दहल जाता है, इसी बात को ध्यान में रखते हुये शासन प्रशासन से इस मार्ग पर रैलिंग की मांग की गई थी जिसके चलते सरकार द्वारा यहां परै रैलिंग लगाते हुये सुरक्षा तो प्रदान कर दी गई थी, मगर बीते हुये लगभग एक माह पूर्व यहां पर एक भारी भरकम ट्रक द्वारा इस रैलिंग को तोड़ने के बाद ट्रक मालिक अपने ट्रक को ले गया और शासन की क्षतिग्रस्त हुई संपत्ति को ज्यो का त्यो छोड़ दिया गया जिसके चलते रैलिंग विहीन हुये इस क्षेत्र के लोगों में दहशत देखने मिल रही है, वही दूसरी ओर यहां पर टूटी पड़ी हुई रैलिंग भी लगातार चोरी होते हुये दिखाई देने लगी है, इस सच्चाई की ओर न तो संबंधित विभाग द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही पुलिस द्वारा इस शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही करना उचित समझा गया, जिसके चलते यहां पर निवास करने वाले लोगों की जिन्दगी असुरक्षित दिखाई देने से नही चूक पा रही है?

## दिन के समय शहर मे भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही बडे खतरें की ओर संकेत...?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। महॅगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जनसुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिनरात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गूॅजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पहले नगर में रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था जिसके चलते नगर के प्रवेश द्वारा पर नो एन्ट्री संबंधी वोर्ड भी लगे हुये है। वही लोगों का कहना है कि जब जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है, मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है?मगर प्रशासन द्वारा नगर में लागू की गई नो एन्ट्री की ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है (

## शहर में अनेक जगहों पर खाली पड़े हुए भूखंडो की गंदगी से परेशानी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। अचल संपत्ति सहेजने की जल्द बाजी में लोंगो ने शहर में ढेरो प्लाट तो खरीद लिए हैं पर वर्षो से इन प्लाटों पर उनके द्वारा मकान न बनाने की स्थिति में ये खाली भूखंड शहरवासियों के परेशानियों का कारण बनते जा रहे है। अनेक वार्डो, कालोनियो के निवासियो ने बताया कि उनके रहवासी क्षेत्र में रिक्त प्लाटों में गंदगी के साथ साथ गंदा पानी भरा हुआ है,जिससे मच्छरों के पनपने का सिलसिला थम नहीं रहा है और ये खाली भूखंड़ आवारा जानवरों का अड्डा बनकर रह गए है। विदित हुआ है कि नगर के कई वार्डो में खाली प्लाटों की खोज खबर उनके मालिक भी नही ले रहे है, जिससे लोग इन रिक्त प्लाटों का उपयोग कचराघर की तरह कर रहे है और नगर के अधिकतर खाली भूखंड झाड झकाड़, कांच के टुकडों, पॉलीथिन की खाली थैलियो से पट गए है और वर्षो से बारिश के दिनों के दौरान होने वाला पानी भरने से विशाल गड्ढे में तब्दील होते जा रहे है। शहरवासियो का कहना है कि मकान बनाने प्लाट खरीदना बुरी बात नहीं है किन्तु लम्बी अवधि तक इन उपयोग न करना जनहित की अनदेखी करना चिंता जनक है, जिसके चलते शहर में सर्वत्र पड़े खाली प्लाटों पर जो भीषण गंदगी प्याप्त है उससे वार्डो के निवासी, राहगीर,स्कूली बच्चें तो परेशान हो ही रहे है, साथ ही नगर का रूप रंग भी बिगड़ रहा है। इस तरह खाली प्लाटों की समस्या से हलाकान लोंगो के अनुसार हालत यह है कि खाली भूखंडो के मालिकों ने अपने रिक्त प्लाटों की कीमत बढ़नें की आस में उन्हे उपेक्षित छोड़ दिया जाता है और स्वयं के प्लाटों की साफ सफाई कराने से मुंह मोड़ लिया(

## अधिकारियों की बेरूखी से फ्लाप शो साबित हो रहा जनसुनवाई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर शासन द्वारा लोगों की समस्याओं का शीघ्रता के साथ समाधान हो इसी सोच के साथ जनसुनबाई कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था मगर देख जा रहा है कि मंगलवार को आयोजित होने वाली इस जन सुनबाई कार्यक्रम के तहत तहसील व ब्लाक पर आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर, लोक कल्याण शिविर मे जन समान्य की समस्याएं हल न होने के बाद शासन द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम बड़े जोर शोर से प्रारंभ किया गया था और शुरूआती दौर में इसका सिर्फ पुलिस विभाग को दायित्व सौंपा गया था मगर इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ सभी शासकीय कार्यालयों को निर्देश देकर जनसुनवाई कार्यक्रम लागू हुआ, जिसके चलते सभी शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि वह प्रत्येक मंगलवार को ग्यारह से एक बजे तक अपने कार्यालय मे बैठकर जनसुनवाई करेंगे, मगर यह आयोजन के चलते शुरूआती दौर में कुछ मामलों मे असर कारक परिणाम देखने मिले है। मगर इसके बाद देखते ही देखते यह जन सुनवाई कार्यक्रम मे अधिकारियों द्वारा शायद रूचि लेना बंद कर दिया गया जिसके चलते ठंडे बस्ते में दिखाई देने लगी है, जिसमें विशेष रूप से देखा जावे तो ब्लाक स्तर पर बैठे बडे बडे अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायते रखने लंबी लाईन लगने लगती हुई देखी जा गई थी, कुछ इसी प्रकार से पुलिस विभाग का भी यही हाल हुआ करता था, पर यहां के शासकीय कार्यालयों में कुछ माहों से यह देखने मे आ रहा है कि वर्तमान प्रशासन के मुखिया इस दिन की जिम्मेदारी अपने मातहतों को देने लगे व आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण के बजाये कई माहों मे लचर गति से निराकरण हो रहा है या हो जायेगा जैसे जबाव हितग्राहियों को मिलने लगे, परिणामतः लोगों के जख्मों पर जनसुनवाई कार्यक्रम भी मरहम नही लगा पाया, लोग अब भी आस मे आते है पर निराश होकर लौट रहे है, तहसील मुख्यालयों से लेकर ब्लाको के तो हाल बेहाल है ।

# नियम विपरीत वाहनों में लगे हुये लाईट की अनदेखी बन रही सड़क दुर्घनाओं का कारण...?

हरिभूमि न्यूज/मनकवारा। क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्व संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है। वही ये दुर्घटनाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्व लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर अनेक वाहनों में निर्धारित माप दंडों के अतिरिक्त तेज रोशन वाली लाईट लगे होते है जो सामने से आने वाली वाहन चालक को रास्ता दिखना ही बंद हो जाता है, उसके कारण वह दुर्घटना का शिकार होने से नही बच पाता है? इस प्रकार की सच्चाई सबसे अधिक सड़को पर दौड़ रहे आटों में देखने मिल रहा है, क्योंकि आटों चालकों द्वारा अपने आटों में मनमाफिक रूप से आटों के ऊपर व अन्य जगहों पर जो अतिरिक्त लाईट लगाये हुये है वह छोटे वाहन चालकों के खिलाफ खतरा का कारण बनने से नही चूक रहे है? इस प्रकार की सच्चाई के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से अपेक्षा जताते हुये आटों व चार पहिया वाहनों में जिस प्रकार निर्धारित नियमों को दर किनार करते हुये अतिरिक्त लाईट लगाये गये है उनकी जांच के लिये एक मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जावे जिससे आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके।



**न्यायालय अतिरिक्ति तहसीलदार गाडरवारा वृत सिहोरा/करपगांव**

रा.प्र.क्र. -411, मद-अ-6 वर्ष :- 2023-24
मौजा- करपगांव, प.ह.नं.- 162
रा.नि.मंडल- करपगांव

**ईश्तहार**

आम जनता मौजा करपगांव प.ह.नं. 162 रा.नि.मंडल करपगांव तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर को इस्हार मुनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदक रचित शर्मा आ. रामेश्वर निवासी करपगांव द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र बसीयत नामांतरण हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है। भूमि स्वामी- रामेश्वर आ. प्रेम नारायण शर्मा निवासी करपगांव, खसरा नंबर 298/1, 298/4, 299, 556/1, कुल रकवा 3.212 हे. है। इस संबंध में ग्राम के एवं अन्य जिस किसी भी व्यक्ति को जो उक्त भूमि के संबंध में हित रखता हो अथवा कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य दस्तावेज के सहित अपनी दावा आपात्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 10/01/2024 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। पेशी उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा एवं न्यायालय प्रकारण में अग्रिम कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा। ईस्तहार आज दिनांक 22/12/23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 22/12/2023
पेशी दिनांक- 10/01/2024

नायब तहसीलदार गाडरवारा
वृत सिहोरा/करपगांव

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीएलसीसी की बैठक



**डिण्डोरी।** कलेक्टर ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डीएलसीसी की बैठक ली। उन्होंने एसीपी में दूसरी तिमाही में हुई प्रगति की समीक्षा की इसके बाद बैंकवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैंक अन्य विभागों के साथ समन्वय से कार्य करें। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बैंक के द्वारा की गई विभाग की योजनाओं की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी बैंकों को हिदायत दी है कि आगामी बैठक तक प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। प्रगति के साथ ही संबंधित पोर्टल पर लगातार अपडेट भी करें। उन्होंने एनआरएलएम, एनयूएलएम, पीएमईजीपी, एमयूकेवाई, संत रविदास स्वरोजगार एवं भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, पशुपालन एवं मत्स्य पालन के तहत केसीसी की जानकारी ली। आयोजित बैठक में एल.बी.आर प्रेषण, वित्तीय समावेशन, कृषकों को केसीसी कार्ड प्रदाय करना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से बैंक लिंकेज के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता योजना, ग्रामीण पथ विक्रेता योजना से हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिए हैं। किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य योजना/डेयरी योजना) हितग्राहियों को लाभांवित कर उनकी आय में वृद्धि लाने को कहा है। उन्होंने स्ट्रीट वेंडरों एवं अन्य लोन प्रकरणों को स्वीकृत कर अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, एलडीएम डिंडौरी श्री रवि शंकर, आरबीआई से श्री सरवन, डीडीएम नावार्ड श्री देवदत्त पाल, उप संचालक कृषि, परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम श्रीमती मीना परते सहित बैंक मैनेजर्स एवं विभागीय अधिकारी मौजूद



### मामला जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम सारसडोली का

# पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते दम तोड़ रहा जल जीवन मिशन

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी** जनपद पंचायत मेंहदवानी के ग्राम सारसडोली में विगत दो वर्षों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत करोड़ों रुपए की लागत से पानी की टंकी और पाईप लाइन बिछाने कार्य चल रहा है जो पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना पूरा होते नजर नहीं आ रहा है।आलम ये है कि पानी टंकी का निर्माण कार्य आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। इसी तरह तय स्थलों तक अभी तक पाइप लाइन नहीं बिछाई जा रही है। पीएचई विभाग तथा संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन अधर में लटका हुआ है। लापरवाह ठेकेदार द्वारा ऊपर खुले में पाइप लाइन बिछा दिया गया है गई है जिसे असमाजिक तत्वों द्वारा काटकर ले जाया जा रहा है। इसके पूर्व ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन को लापरवाही बरतते हुए खेतों में रख दिया गया था जिसे असमाजिक तत्वों द्वारा आग के हवाले कर दिया गया था जिससे ठेकेदार को लाखों रुपए का नुक़सान हो चुका है इसके बाद भी न तो पीएचई विभाग और न ही संबंधित ठेकेदार सबक ले रहा है और लापरवाही बरती जा रही है जिससे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना पूरा होते दिखाई नहीं दे रहा है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में ठेकेदार से चर्चा करता हूं और जल्दी कार्य पूरा करने को बोलता हूं।

**राजेश गौतम एसडीओ, पीएचई विभाग**

पीएचई विभाग द्वारा मेरा भुगतान नहीं किया जा रहा है इस कारण काम रुका हुआ है।

**प्रणय बिसेन ठेकेदार**



# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुँची ग्राम पंचायत टिकरिया माल




**शहपुरा -** भारत सरकार के द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरिया पहुँची , जहाँ पर कार्यक्रम के मुख्य अथिति भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ,संतोष साहू मंडल अध्यक्ष घनश्याम कछवाहा,जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल के द्वारा ,भारत माता ,बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गईं। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच गोपाल सिंह तेकाम व उपसरपंच संदीप गौलिया के नेतृत्व में समस्त पंचायत के प्रतिनिधियों के द्वारा कार्यक्रम मे आए अतिथियों का फूलमाला एवं तिलकवन्दन कर स्वागत किया गया,इस कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग , कृषि विभाग , महिला बालविकास विभाग, स्वास्थ विभाग,एलपीजी गैस विभाग , पंचायत विभाग, खाद्य विभाग के मौजूद अधिकारियों ने ग्राम के लोगो को चल रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित भाजपा भाजपा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा की ,भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता तक पहुंचाने के लिए, यह यात्रा चलाई जा रही है सभी नागरिक इस यात्रा मे शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठाएं, उन्होंने आगे कहा की किसी योजना की तभी सार्थकता सिद्ध होती है जब उसका लाभ सामाज के अतिम छोर मे खडे व्यक्ति को मिलता है , और उन्होंने कहा की इस यात्रा के जरिये जिले के सभी अधिकारी और कर्मचारी एक ही छत के नीचे बैठकर उपस्थित जन समूह को सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं उन योजनाओं की जानकारी देना सुनिश्चित करें,भारत के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अथिति के द्वारा पात्र हितग्राहियों को हितलाभ प्रमाण पत्र वितरित किए गए ।इस यात्रा के दौरान मुख्यअतिथि शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जितेंद्र चंदेल ,राम जी साहू बबलू अवधिया बबलू झारिया सरपंच गोपाल सिंह तेकाम,उपसरपंच संदीप गौलिया, ग्राम पंचायत सचिव पदम सिंह , रोजगार सहायक संजीव झारिया, ग्राम के सभी पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।



# मोदी के विकसित भारत में अब ड्रोन से होगी उर्वरक सिंचाई -ओमप्रकाश धुर्वे



**शहपुरा** -विकसित भारत संकल्प यात्रा की अगले चरण में आज यात्रा विधानसभा क्षेत्र शहपुरा के ग्राम टिकरिया एवं धारेगांव पहुंची जहां पर क्षेत्रीय विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम में शिरकत की कार्यक्रम के दौरान भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात ग्राम के बच्चों ने स्वागत में प्रस्तुत किया तत्पश्चात नवनिर्वाचित विधायक ओम प्रकाश धुर्वे का ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में प्रशासन के समस्त विभागों के शिविर भी लगाए गए जहां पर आमजन की समस्याओं का निराकरण शिविर में ही किया गया पेंशन योजना आयुष्मान योजना कृषि विभाग से संबंधित योजना महिला बाल विकास से संबंधित योजनाएं सभी का निराकरण मौके पर ही विधायक के समक्ष किया गया एवं नवीन योजनाओं के आवेदन मौके पर ही भर आए गए कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार की नवीन तकनीक ड्रोन द्वारा उर्वरक का छिड़काव का भी ड्रोन उड़ाकर प्रदर्शन किया गया पहले हमारे किसान हाथों से यूरिया एवं अन्य उर्वरक का छिड़काव करते थे परंतु अब भारत सरकार में ड्रोन के माध्यम से कम लागत और कम समय में उर्वरक छिड़काव की व्यवस्था की है जो आने वाले समय में प्रत्येक ग्राम के समूह के पास उपलब्ध होगी कार्यक्रम के दौरान जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल मंडल अध्यक्ष घनश्याम कुशवाहा टिकेश्वर साहू राजेश साहू पंकज साहू मनोज झारिया सरपंच गोपाल तेकाम उपसरपंच संदीप गौलिया एवं समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी ग्राम के पंच मौजूद रहे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई धर्म गुरूओं की बैठक

**डिण्डौरी।** कलेक्टर कीअध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त धर्म गुरूओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रधानमंत्री जनमन योजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इसके बाद निर्वाचन के संबंध में चर्चा करते हुए धर्म गुरूओं से वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाने में जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील गई है। जिससे आगामी निर्वाचन में जिले में 90 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य पूरा हो सके। कलेक्टर मिश्रा ने धर्म गुरूओं को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खुले पड़े बोर वेल की जानकारी देने पर 500 रूपए ईनाम देने के बारे में भी बताया। इसके साथ ही दसगात्र आदि कार्यक्रमों में शराब पीने की कुप्रथा के बारे में लागों को जागरूक करने को कहा है। शराब पीने से होने वाली जन व धनहानि के बारे में बताकर लोगों को जागरूक करने की अपील की है। इसके साथ ही नर्मदा नदी के किनारे शराब पीने व शराब की बोतल फेकने वालों पर निगरानी रखने व उन्हें इसकी सूचना देने को कहा है। बताया गया कि जो भी व्यक्ति ऐसे कृत्य करते पाया जाएगा, उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही कर जेल भेजा जाएगा। इसके उपरांत खुले में मांस मछली विक्रय पर रोक लगाने में प्रशासन की सहयोग करने हेतु धर्म गुरूओं से अपील की गई। आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्ट श्री आर.पी. तिवारी, एसडीएम शहपुरा श्रीमती निशा नापित, डॉ. सुनील जैन सहित सभी धर्मगुरू और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# पत्थर से मारकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**डिण्डौरी।** मीडिया सेल प्रभारी श्री मनोज कुमार वर्मा, अभियोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि, थाना शाहपुर के अप0क्र0 66/2023 सत्र प्रकरण क्रमांक 42/2023 के आरोपी रामनाथ सिंह पिता सूरतसिंह मार्को उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम मोहनझिर चौकी विक्रमपुर थाना शाहपुर जिला डिण्डौरी को पत्थर से मारकर हत्या कारित करने के मामले में न्यायालय सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी द्वारा आरोपी को धारा 302 भादवि के अपराध के लिए आजीवन कारावास एवं 2000/- का अर्थदण्ड, से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 02 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, प्रार्थी ने थाना उपस्थित होकर बताया कि, मैं ग्राम जमगांव में रहता हूँ मेरी बड़ी बहन अपने पति रामनाथ सिंह मार्को और बच्चों के साथ लगभग 15 साल से भोपाल में रहकर मजदूरी करती थी । मेरे बुलवाने पर मेरी बहन और जीजा रामनाथ सिंह आये हुए थे । दिनांक- 03/03/23 को मेरे गांव के लड़के का जन्मदिन था तो मैं अपनी पत्नि के साथ शाम के समय जन्मदिन में शामिल होने गया था कुछ देर बाद मेरी बहन व जीजा रामनाथ भी आये थे और डी.जे.में नाच रहे थे कुछ देर नाचने के बाद जीजा रामनाथ बहन को गुस्से में पकड़कर घर ले गया था जिनके पीछे मेरी पत्नि भी घर गई थी थोड़ी देर बाद मेरी पत्नि दौंड़ते हुये मेरे पास आकर बताई कि जीजा रामनाथ सिलोटी पत्थर से बहन को मारपीट कर रहा है, तब मैं तुरंत पत्नि के साथ घर गया तो देखा कि जीजा रामनाथ सिलोटी पत्थर से बहन को मारकर दरवाजे से भाग गया। बहन घर के पीछे के दरवाजे के पास खून से लथपथ पडी थी पूछने पर बताई कि शक सुबा के कारण तुम्हारा जीजा मुझे सिलोटी पत्थर से मारा है मुझे बचा लो जल्दी अस्पताल ले चलो तब मैं देखा जीजा के सिलोटी पत्थर से मारने के कारण बहन के कान,मुंह, नाक से खून निकल रहा था और हाथ की चूंडी टूटने से दाहिने हाथ में कटने से खून निकल रहा था और बहन बेहोश हो गई थी। तब मैं 108 एम्बूलेंस को फोन लगाकर बुलाया और बहन को शहपुरा अस्पताल लाया था जहां डाक्टर ने बहन को चैक कर बताया कि बहन शिववती खतम हो गई है। मेरे जीजा रामनाथ ने शक सुबा के कारण मेरी बहन को सिलोटी पत्थर से मारकर हत्या कर दी है। रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जाये । उक्त मामले में थाना शाहपुर द्वारा रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना की गई । विवेचना में संकलित साक्ष्य के आधार पर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । तदुपरांत अभियोजन के साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी द्वारा उपरोक्तानुसार दण्ड से दण्डित किया गया ।

## धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस पर्व

**शहपुरा**–नगर परिषद शहपुरा में गणतंत्र दिवस पर हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए आज समस्त विभागों की बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न बैठक के दौरान गणतंत्र दिवस धूमधाम से कैसे मनाया जाए क्या-क्या व्यवस्थाएं होगी सभी की विस्तृत चर्चा की गई गणतंत्र दिवस की अवसर पर निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह रानी दुर्गावती स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा जहां पर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश धुर्वे के कर कमलो से ध्वजारोहण संपन्न होगा समस्त विभागों की झांकियां प्रस्तुत की जाएगी समस्त विद्यालय संस्थाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी समस्त विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों मीसाबंदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान मंच से किया जाएगा उक्त बैठक के दौरान जनपद सीईओ गणेश पांडे एवं समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी मंडल अध्यक्ष घनश्याम कुशवाहा एवं पंकज साहू नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल उपाध्यक्ष मुकेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रम अधिनियमों के प्रावधानों का लाभ देने दिशा निर्देश जारी

**डिण्डौरी।** कलेक्टर ने शासकीय विभागों में कार्यरत ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को विभिन्न श्रम अधिनियमों के प्रावधानों का लाभ देने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। श्रम पदाधिकारी डिंडोरी ने बताया कि जारी निर्देशानुसार वर्तमान में शासकीय विभागों, उपक्रमों तथा निमग और मंडलों में विभिन्न कार्यों हेतु जैसे सफाईकर्मी (हाउस कीपिंग), कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर चौकीदार, ड्रायवर निर्माण सुरक्षाकर्मी आदि के रूप में ठेका एवं आउटसोर्स पर श्रमिकों/कर्मचारियों की नियोजित किया जाता है परन्तु ऐसे ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिकों/कर्मचारियों को विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि जिन ठेकेदारों और एजेंसियों के माध्यम से इन श्रमिको/कर्मचारियों को नियोजित किया जाता है उस विभाग द्वारा उन ठेकेदारों का पंजीयन लाईसेंस ठेका श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1970 के अंतर्गत प्राप्त करने हेतु प्रावधान का परिपालन नहीं कराया जाता है। इस अधिनियम में पंजीयन लाईसेस प्राप्त करने पर संबंधित ठेकेदार की जानकारी श्रम विभाग को होने से विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों का परिपालन कराया जाना संभव हो जाता है। उक्त संबंध में विभिन्न श्रम अधिनियमों में प्रावधानों का परिपालन संबंधित नियोजक ठेकेदार द्वारा किया जाना आवश्यक है। जिसमें ठेका श्रम (प्रतिशेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1970 अधिनियम के अनुसार 20 या 20 से अधिक ठेका श्रमिकों के नियोजन पर संबंधित विभाग/ उपक्रम/निगम/मण्डल को अधिनियम में प्रमुख नियोजक के रूप में पंजीयन एवं ठेकेदार को लाइसेंस श्रम विभाग से लेना अनिवार्य है। पंजीयन/लाइसेंस संबंधी संपूर्ण प्रक्रिया तथा प्रपत्र आदि की जानकारी श्रम विभागीय पोर्टल www.shramsewa.mp.gov.in पर दर्शित है। ठेका एवं आउटसोर्स पर कार्यरत श्रमिको/कर्मचारियों को ठेका श्रम (प्रतिशेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1970, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियोजन का विनियमन एवं सेवा शा अधिनियम, 1986, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, वेतन भुगतान अधिनियम, 1936, एवं बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 आदि में वर्णित प्रावधानों का लाभ मिलना कानूनी रूप से अनिवार्य है। इन श्रमिको कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी, नियत समय पर वेतन का भुगतान, यदि ओवरटाइम कार्य किया गया है तो ओवरटाइम का भुगतान, बोनस राशि का भुगतान पी एफ राशि तथा ई.एस आई सी के अंशदान का भुगतान करते हुये इन योजनाओं का लाभ तथा ग्रेच्युटी साप्ताहिक अवकाश आदि अन्य वैधानिक सुविधायें प्राप्त होना आवश्यक है। वर्तमान में न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948, के अंतर्गत 01 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक मजदूरी की दरे निर्धारित की गई है। निर्धारित दर अनुसार अकुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 378 रूपए एवं मासिक वेतन 9825 रूपए है। इसी प्रकार से अर्धकुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 411 रूपए एवं मासिक वेतन 10682 रूपए, कुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 464 रूपए एवं मासिक वेतन 12060 रूपए और उच्चकुशल श्रमिक का दैनिक वेतन 514 रूपए एवं मासिक वेतन 13360 रूपए निर्धारित है।

अतः समस्त विभागों एवं शासकीय उपक्रमों, निगमों व मंडलों में आउटसोर्स एवं ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को विभिन्न श्रम कानूनों का लाभ दिलाये जाने हेतु प्रमुख नियोजक के रूप में संबंधित विभाग, उपक्रमों, निगमों व मंडलों या उनके स्थानीय सक्षम अधिकारी द्वारा तत्काल पंजीयन (Registration) प्राप्त करने की कार्यवाही की जाय तथा ठेकेदार/आउटसोर्स एजेंसी को अनुज्ञप्ति (Licence) प्राप्त करने के निर्देश जारी करें एवं यह सुनिश्चित करें कि मजदूरों को नियत समय पर पात्रतानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान, बोनस राशि का भुगतान, ओवर टाइम का भुगतान एवं कर्मचारी भविष्य निधि, राज्य बीमा का अंशदान जमा हो व ग्रेच्यूटी एवं अवकाश आदि समस्त सुविधायें नियमानुसार प्राप्त हों। इस आशय से समस्त कार्यालय प्रमुख/विभाग प्रमुख शासकीय उपक्रम जिला डिण्डौरी को निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त समस्त प्रावधानों को सही रूप से लागू करने हेतु जिले में श्रम अधिकारी, नोडल अधिकारी के द्वारा सभी विभागों के इस मद के देयकों के परीक्षण उपरांत ही ठेकेदार अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के देयकों का भुगतान कोषालय द्वारा किया जाए।

**खबर संक्षेप**

## श्रीमति शीतला पटले होंगी नरसिंहपुर जिले की नई कलेक्टर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन ने नरसिंहपुर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के शाजापुर स्थानांतरण के बाद उनके स्थान पर नरसिंहपुर कलेक्टर के पद पर आईएएस अधिकारी श्रीमति शीतला पटले की पदस्थापना की है। इसके पूर्व श्रीमति पटले उप सचिव मुख्यमंत्री तथा परियोजना संचालक, मध्यप्रदेश स्किल डवलपमेंट प्रोजेक्ट, भोपाल तथा संचालक कौशल विकास, मध्यप्रदेश (अतिरिक्त प्रभार) सम्हाल रही थी। श्रीमति पटले श्रीमती शीतला पटले वर्ष 2014 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी है। राज्यशासन की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया है।

## महिला एवं पुरूष नसबंदी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत माह जनवरी- 2024 में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में महिला एवं पुरूष नसबंदी (एनएसव्हीटी/एलटीटी) फिक्स- डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है। इस दौरान डॉ. इति चांदोलकर एवं सहायक सर्जन डॉ. नम्रता शुक्ला द्वारा फिक्स-डे स्टेटिक सेवा स्थल जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नसबंदी ऑपरेशन करेंगे। यह ऑपरेशन सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को किये जायेंगे। डे- स्टेटिक सेवा कलेंडर माह जनवरी 2024 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में सोमवार को ग्रामीण नरसिंहपुर, बुधवार को गोटेगांव, गुरूवार को करेली व शुक्रवार को शहरी नरसिंहपुर के हितग्राही ऑपरेशन करवा सकते हैं।





**ग्राम तिंसरा में पुल निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

# संकल्प यात्रा का उद्देश्य वंचित व्यक्ति को लाभ दिलाना- मंत्री श्री पटेल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने ग्राम तिंसरा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत आमगांव से दिल्हेरी मार्ग पर एक करोड़ 21 लाख रुपये की लागत के पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटैल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री सड़क योजना शुरू की थी।इसका उद्देश्य गाँवों को सड़क मार्ग से जोड़ना था ताकि बारहमासी आवागमन आसानी से हो सकें। बरसात का पानी जब रिपटे या छोटे पुल के ऊपर हो जाता था, तो सरकार ने तय किया कि रिपटे या छोटे पुल के स्थान पर एक साथ ही बड़े पुल बना दिये जायें।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले 3 साल से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। जरूरतमंद एवं गरीब को भोजन का संकट ना आए इसलिए यह संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा लिया गया है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि अब हमें गेहूं, धान, गन्ना की खेती की ओर से ध्यान मोटे अनाज के उत्पादन की ओर लगाना होगा। विगत दिवस जबलपुर में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय किया गया है कि रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन



योजना के अंतर्गत मोटे अनाज का उत्पादन करने वाले जनजातीय भाई- बहनों को 10 रुपये प्रति किलो की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। दुनिया का सबसे अच्छा अनाज इसे माना जाता है। हमें भी अब ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, रागी आदि मोटे अनाजों की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से कृषि में किए गए नवाचारों के रूप में ड्रोन के माध्यम से उर्वरक एवं खाद का छिड़काव का डेमो भी किया जा रहा है। यह गन्ने की फसल के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। महिला स्वसहायता समूह द्वारा इनका संचालन भी किया जा रहा है।

यहाँ मौजूद युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि हमें तकनीकी के इस युग में जानकारी के साथ जीवन जीना होगा। विकास के लिए विरासत को भी अपना हिस्सा बनाकर रखना होगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री सिंह पटेल ने कहा कि यह ऐसी यात्रा है जो इस बात का पता लगाने निकाली जा रही है कि कहीं किसी पात्र व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला है अथवा नहीं या वह उस योजना के लाभ से अभी वंचित है। उन्होंने कहा कि हितग्राही को योजना का लाभ होने के बाद मिलने वाली खुशी को अन्य लोगों से भी साझा करना चाहिए। पहले के समय में व्यक्ति के पास कच्चा मकान होने से अपनी फसल को अन्यत्र रखना पड़ता था किन्तु अब पक्के मकान बन जाने से लोगों की यह तकलीफ दूर हुई है। इसके पश्चात उन्होंने आमगांव में 15 वें वित्त आयोग और मनरेगा से संयुक्त रूप से निर्मित होने वाली सीसी रोड का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल, जनपद पंचायत सदस्य सीताराम रामदेव, महंत प्रीतमपुरी, सुरजीत सिंह सिसोदिया ,सरपंच प्रशांत कौरव अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन मौजूद थे।

# कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया विधानसभा के विभिन्न ग्रामों का दौरा



## लोकसभा चुनावों में भाजपा की सीट इस बार 400 पार और तीसरी बार फिर मोदी सरकार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज अपनी विधानसभा नरसिंहपुर के ग्राम जो वा , आ म गां व , ति स रा , सि म रि या कला,नयाखेड़ा, बासादेही,दिलहेरी, करोंदा,खिरिया, निवारी, सिंहपुर बड़ा, लोकीपार, धुबघट,आदि पंचायतो का दौरा किया।

कार्यकर्ताओ से मुलाकात की एवं साथ में जनता की आभार यात्रा निकाली यात्रा के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भेट कर वार्ता की एवं ग्राम पंचायत तिंसरा में एक करोड़ 25 लाख के पुल का भूमि पूजन किया एवं साथ ही ग्राम आमगांव में लगभग 4 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का भूमिपूजन किया साथ ही उन्होंने वनांचल ग्राम दिलहैरी पहुंचकर यहां बने ऐतिहासिक साकेत धाम का निरीक्षण किया और यहां पर विराजे भगवान श्री राम के दर्शन किये इस दौरान उन्होंने पूजन अर्चन करते हुए यहां के लोगों की समस्या सुनते हुए अधिकारियों को उचित निर्देश जारी किए साथ ही स्थानीय जनों और कार्यकर्ताओ से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्पना है की हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा तभी हमारे देश का विकास संभव है एक समय था जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने ग्राम सड़क योजना प्रारंभ की जिससे ग्राम ग्राम तक पक्की सड़क बनाई गई जिससे ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की ओर उससे उन्हें सबसे अधिक लाभ भी प्राप्त हुए उनका शहरो तक आवागमन सुलभ हुआ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लगातार किसानों के हितों में अनेक योजनाएं संचालित कर रहे जिनके सही क्रियान्वयन से वह लाभान्वित हो पाएंगे इसी तरह कल कैबिनेट की बैठक में निर्णय किए गए की हमारे देश के श्रीअन्न जिससे हमारे देश की अलग पहचान थी आज जब सारे देशों में उसकी मांग है देश के कृषको को श्री अन्न की खेती की ओर आगे बढ़ाने और उन्हें लाभान्वित करने के उद्देश्य से 10 रुपए प्रति किलो तक प्रोत्साहन राशि देने का फैसला लिया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कल्पना है कि गांव का विकास होगा तभी देश का विकास होगा और इसी के चलते गांव में बनी छोटी-छोटी पुलियों की जगह पुल का निर्माण किया जावेगा और इसी के चलते मैने यहां पर एक पुल का उद्घाटन किया इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया की हम इस धाम में मौजूद है यह के महंत ब्रम्हलीन तपस्वी जी ने इस स्थान को संरक्षित करके रखा उनका आत्मीय स्नेह सदैव मुझे प्राप्त हुआ लोकसभा में भाजपा कितनी सीटो पर विजय हासिल करेगी उन्होंने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर इस बार बीजेपी 400 पार और मोदी सरकार तीसरी बार आयेगी जनता का आशीर्वाद भाजपा और मोदी जी के साथ है इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित आमजन कार्यकर्ताओ के साथ साकेत धाम में भोजन प्रसादी ग्रहण की इस अवसर पर पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल महंत पीतमपुरी गोस्वामी,मनमोहन साहू आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# जिले की सभी 6 जनपदों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गुरूवार को जिले की सभी 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं आदि ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत-प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया। साथ ही कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 जनवरी को एक जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत खापा व मचवारा, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत सिवनी बंधा व सिलवानी, जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत झांझनखेड़ा व कामती, जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत समनापुर व घूरपुर, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत तेंदूखेड़ा व रातिकरार और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत गंगई व बिल्थारी पहुंची।

# जन समुदाय को शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। अतः सभी जिला प्राधिकरणों तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।



## 5 जनवरी को 12 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी संकल्प यात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में भारत शासन की 19 और शहरी क्षेत्रों में 16 योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाना है। इसके जिले में अलग- अलग वाहनों के लिए दिनांकवार रूट चार्ट जारी किया है।

रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए 5 जनवरी को वाहन क्रमांक एक जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत डोंगरगांव (अंडिया) व खमरिया (जरजोला), वाहन क्रमांक 2 जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत खापा व रोहिया पटी, वाहन क्रमांक 3 जनपद पंचायत सांईखेड़ा की ग्राम पंचायत गरधा व निवारी, वाहन क्रमांक 4 जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत कठौतिया व भुगवारा, वाहन क्रमांक 5 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत पटकुही व खला और वाहन क्रमांक 6 जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत इमलिया(क.) व सिमरियाकलां पहुंचेगी।

## 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए महिला ब्यूटी पार्लर 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में प्रारंभ किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में साक्षात्कार के लिए 9 से 12 जनवरी को लिया जायेगा। इसके बाद चयन होने पर 15 जनवरी से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत मुद्रा योजना के तहत हितग्राही के सेवा क्षेत्र के अनुसार स्व- रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण आवेदन निःशुल्क बैंकों में भेजा जायेगा। एक बैच के प्रशिक्षण में 35 सीट अभ्यर्थियों की रहेगी।

प्रशिक्षण में प्रवेश लेने के लिए आधार कार्ड, जिसमें ग्रामीण 18 से 45 उम्र आधार कार्ड के अनुसार, 8 वीं पास मार्कशीट, बीपीएल राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, एसईसीसी डाटा और 4 फोटो दस्तावेजों का होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए सुभाष वार्ड स्थित जिला पंचायत कार्यालय के बाजू में सेंटआर सेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था दूरभाष नम्बर 07792- 234355 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी निदेशक आरसेटी नरसिंहपुर ने दी है।